पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने रामूवालिया सहित तीन नामों पर अपनी सहमति जतायी

लखनऊः 29 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 6 रिक्त स्थानों पर नये सदस्यों के नाम निर्देशन हेतु मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव द्वारा अग्रसारित की गयी 4 व्यक्तियों की सूची में से (1) श्री बलवंत सिंह रामूवालिया (2) श्री जहीर हसन 'वसीम बरेलवी' तथा (3) श्री मधुकर जेटली के नाम पर अपनी सहमति प्रदान कर दी है।

श्री नाईक ने मुख्यमंत्री द्वारा नाम निर्देशन हेतु प्रेषित सूची में श्री राजपाल कश्यप के संबंध में कुछ बिन्दुओं पर जानकारी मांगते हुए उन्हें एक पत्र भी भेजा है। राज्यपाल के अनुमोदन हेतु आज सायं पत्रावली राजभवन को प्राप्त हुई थी।

ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व राज्यपाल ने गत वर्ष 2 जुलाई, 2015 को राज्य सरकार द्वारा विधान परिषद में नाम निर्देशन हेतु अग्रसारित की गयी सूची में से (1) श्री श्रीराम सिंह यादव (2) श्रीमती लीलावती कुशवाहा (3) श्री रामवृक्ष सिंह यादव तथा (4) श्री जितेन्द्र यादव के नाम पर अपनी सहमति प्रदान कर दी थी। विधान परिषद में 10 रिक्तियों के सापेक्ष राज्यपाल ने 7 नामों पर अपनी सहमति प्रदान कर दी है तथा श्री राजपाल कश्यप का नाम अभी विचाराधीन है। इस दृष्टि से विधान परिषद में अब 2 स्थान नाम निर्देशन हेतु रिक्त हैं।

अंजुम/ललित/राजभवन (163/39)